सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 234 | इंदौर, मंगलवार 05 मार्च, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

**Headline**

1. UP Police Paper Leak: योगी सरकार की बड़ी कार्रवाई, भर्ती बोर्ड की अध्यक्ष को हटाया, अब इन्हें मिली जिम्मेदारी
2. China Defence Budget: चीन ने फिर बढ़ाया अपना रक्षा बजट, भारत के बजट से तीन गुना से भी ज्यादा हुआ

# हमारी विचारधारा नफरत के खिलाफ : राहुल

## 22 लोगों के पास देश का 50 प्रतिशत धन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

गुना। राहुल गांधी ने अपनी यात्रा के दौरान कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने लोगों को धर्म, जाति और प्रदेश की राजनीति में बांट दिया है। कांग्रेस पार्टी यह सुनिश्चित कर रही है कि सब लोग एक साथ आए। भाजपा की विचारधारा नफरत की विचारधारा है और हमारी विचारधारा नफरत के खिलाफ मोहब्बत की दुकान की विचारधारा है। इस यात्रा में हमने एक और शब्द जोड़ दिया है और वह शब्द है न्याय क्योंकि हमारी यात्रा का मकसद हर वर्ग को 'न्याय' दिलाने का है। भारत जोड़ो यात्रा कई प्रदेशों में नहीं पहुंच पाई थी और लोगों ने निवेदन किया था कि उनके प्रदेशों से भी यात्रा निकलनी चाहिए इसलिए दूसरी बार यह यात्रा की जा रही है।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा सोमवार को गुना पहुंची। गुना शहर में राहुल गांधी ने खुली जीप में रोड शो किया। हनुमान चौराहे से जज्जी बस स्टैंड तक उनका रोड शो हुआ। उनके साथ पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी, राघोगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह भी जीप में मौजूद रहे। इसके बाद वह राघोगढ़ रवाना हुए। राघोगढ़ में साडा कॉलोनी से बस स्टैंड तक रोड शो किया। बस स्टैंड पर राहुल गांधी ने जीप से ही आमजन को संबोधित किया। यहां से वह जेपी कॉलेज के पास पहुंचे, जहां लंच ब्रेक हुआ। इसके बाद वह बीनागंज पहुंचे और यहां रोड शो किया।

पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के गृहनगर राघोगढ़ में उन्होंने सभा को संबोधित किया। इससे पहले साडा कॉलोनी से बस स्टैंड तक रोड शो किया। इस दौरान उनके साथ एमपी कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व ष्टरू दिग्विजय सिंह जीप में मौजूद रहे। बस स्टैंड पर उन्होंने जीप से ही सभा को संबोधित किया। राहुल गांधी ने सभा में कहा कि पहली यात्रा करीब 4 हजार किलोमीटर की थी, जिसे आप सबका जबर्दस्त समर्थन मिला था जिसमें कई राज्य छूट गए थे, इसलिए अब यह दूसरी बार भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली जा रही है जो कि मणिपुर से महाराष्ट्र तक चलेगी। मध्यप्रदेश ऐसा राज्य है जहां हमें दोनों बार यात्रा करने का सौभाग्य मिला है।

### 90 प्रतिशत की भागीदारी नगण्य

राहुल गांधी ने कहा कि आज 22 लोग हैं जिनके पास देश का 50 प्रतिशत धन है। मोदी जी ने 16 लाख करोड रुपए व्यापारियों के माफ कर दिए हैं, लेकिन किसानों का 1 रुपया भी माफ नहीं किया। 50 प्रतिशत पिछड़े, 15 प्रतिशत दलित, 8 प्रतिशत आदिवासी, अल्पसंख्यक, सामान्य गरीब मिलाकर 90 प्रतिशत होते हैं उनकी भागीदारी नगण्य है। किसी बड़ी कंपनी की लिस्ट निकालो जितनी बड़ी कंपनियों की लिस्ट में उनके मालिकों में एक नाम भी इस 90 प्रतिशत वर्ग के लोगों का नहीं है। उनके सीनियर मैनेजमेंट में भी एक नाम नहीं। ब्यूरोक्रेसी में देखें तो 90 लोग जो कि आईएएस अधिकारी हैं उसमें से केवल तीन ओबीसी, एक आदिवासी एवं तीन दलित हैं, जब बजट आता है 100 में से 6 रुपए का केवल ये लोग फैसला करते हैं।




### जाति आधारित जनगणना समाज का एक्सरे

राहुल गांधी ने कहा कि जीएसटी 90 प्रतिशत लोग देते हैं, लेकिन जेब 20 अमीर उद्योगपतियों की भरती है, इन समस्याओं से निजात पाने का तरीका है जाति आधारित जनगणना। अग्नि वीर योजना की वजह से आज गरीब के पास सरकारी सेवा में जाने का रास्ता बंद है। पीएसयू कांग्रेस लायी, बीएसएनल, हिंदुस्तान पेपर यह सब कांग्रेस ने बनाया, मोदी जी ये उद्योगपतियों को दे रहे हैं। जिस तरह हाथ टूट जाए तो उसका एक्स-रे किया जाता है, उसी तरीके से जाति आधारित जनगणना समाज का एक्स-रे है। हमने जब इस क्रांतिकारी राजनीतिक कदम की बात की तो मोदी जी ने कहा कि वे सिर्फ 4 जातियां जानते हैं, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि वे सिर्फ 20-22 उद्योगपतियों की मदद करना चाहते हैं आपकी नहीं।

### यह सरकार 3-सी की सरकार-पटवारी

मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि मोहन यादव पर्ची के सीएम हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री आए और उन्होंने पर्ची निकाल दी, ऐसा लगा कि शादी में चेहरा दिखाया किसी और का और शादी किसी और से कर दी। मैंने कई बार कहा कि यह सरकार 3-सी की सरकार है कर्ज, क्राइम और करप्शन की सरकार है। कोई भी वादा इस सरकार ने पूरा नहीं किया चाहे वो 2700 में गेहूं खरीद की बात हो, 450 में सिलेंडर या 3000 रू. लाडली बहनों को देने की बात हो। भाजपा नेताओं ने वचन पत्र गीता-रामायण जैसा बताया था तो अब उसे पूरा करें। लाडली बहन को भ्रम हुआ था कि 3000 रू. मिलने वाले हैं इस कारण उन्होंने भाजपा को वोट दिया, लेकिन अब जब वादा खिलाफी हुई है तो हमारे प्रयासों से हम लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

### राहुल पीएम बनेंगे तो युवाओं को मिलेगा रोजगार

न्याय यात्रा के दौरान जेपी कॉलेज में हुई पत्रकार वार्ता के दौरान राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने राहुल गांधी के प्रधानमंत्री बनने की मंशा जाहिर की। जयवर्धन सिंह ने कहाकि 4 मार्च का दिन राघौगढ़ के लिए खास है, क्योंकि यहां राहुल गांधी ने युवाओं के न्याय की बात कही है। जयवर्धन ने केंद्र और प्रदेश सरकारों पर आरोप लगाया कि बीते 10 सालों में एक भी युवा को सरकारी रोजगार नहीं मिला है। मध्यप्रदेश में अब तक हुई सरकारी भर्तियां कांग्रेस द्वारा की गई थी। यही भाजपा और कांग्रेस में अंतर है। राहुल गांधी इसी बात को देश के कोने-कोने तक पहुंचा रहे हैं। जयवर्धन ने कहा कि वे मानते हैं कि युवाओं को रोजगार तभी मिलेगा जब देश की बागडोर राहुल गांधी के हाथ में होगी और वे प्रधानमंत्री बनेंगे। राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि बीते 10 सालों में पीएम मोदी ने किसानों के साथ अन्याय किया है। किसी भी किसान की आय नहीं बढ़ी। इसी को लेकर राजगढ़ जिले में राहुल गांधी किसानों से चर्चा करने वाले हैं। जयवर्धन सिंह ने राघौगढ़ क्षेत्र में स्थापित एनएफएल गेल संयंत्रों को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की देन बताते हुए दावा किया कि कांग्रेस की नीतियों से रोजगार सृजित हुए हैं।

# घर-घर चौबीस घंटे बिजली में लाइनमैनों का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण

## लाइनमैन सम्मान समारोह में बोले प्रबंध निदेशक अमित तोमर

**इंदौर। बिजली विकास के लिए बहुत जरूरी है, बिजली वितरण व्यवस्था में सबसे महत्वपूर्ण कार्य लाइनमैन का होता है, लाइनमैन ही बिजली वितरण व्यवस्था की रीढ़ है। चाहे ग्रिड का काम हो या ट्रांसफार्मर का, लाइनों का कार्य हो या फिर उपभोक्ता के यहां लगे मीटर तक का कोई कार्य हो, सभी में लाइनमैनों की भूमिका अहम होती है। चौबीसों घंटे बिजली आपूर्ति के लिए लाइनमैनों के समर्पण भाव का मैं वंदन, अभिनंदन करता हूं।**



उक्त विचार हैं मप्र पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर के। श्री तोमर सोमवार को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर बिजली कंपनी के इंदौर ग्रामीण वृत्त द्वारा आयोजित लाइनमैन सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। श्री तोमर ने कहा कि चाहे बारिश हो या फिर भीषण गर्मी, अथवा कड़ाकेदार सर्दी.. लाइनमैन बहुत मेहनत कर दूसरे के घर रोशन करने के लिए अपना समर्पण दिखाता है। आज लाइनमैनों को सम्मानित कर मैं स्वयं बहुत सुकून एवं प्रसन्नता महसूस कर रहा हूं। आयोजन में ग्रामीण वृत्त के? सर्वश्री भविष्य मेवाडा, विनोद नापित, राजेश पाटीदार, संजय ठाकुर, राकेश बोरदिया, राजेन्द्र प्रसाद दुबे, देवीसिंह, राकेश सेजवार, सरदार सिंह , वामन निकाजू, ज्ञानेंद्र विठले, रमेश चन्द्र कुकडे प्रतिक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र भेंटकर उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मान किया गया। पुरस्कार पाकर लाइनमैनों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर चोईथराम अस्पताल की विशेषज्ञ डॉ. शोभा चामनिया ने जलने एवं अन्य दुर्घटनाओं के दौरान सावधानियां, प्राथमिक उपचार आदि के बारे में बताया। आ?जन में मुख्य महाप्रबंधक श्री रिंकेश कुमार वैश्य, निदेशक श्री पुनीत दुबे, श्री सचिन तालेवार, मुख्य अभियंता श्री एसआर बमनके, अधीक्षण यंत्री श्री सुधीर आचार्य, संयुक्त सचिव श्री संजय मालवीय, श्री तरूण उपाध्याय इत्यादि भी मौजूद रहे। संचालन एवं कार्यक्रम की सिलसिलेवार प्रस्तुतियां श्रीमती सपना दामेशा एवं श्रीमती शालिनी धनगर ने दी। आभार माना कार्यपालन यंत्री श्री अभिषेक रंजन ने। सुरक्षा नियमों के पालन का संकल्प भी दिलाया गया।

### शहर के 12 लाइनमैनों का अभिनंदन

ग्रामीण वृत्त के साथ ही इंदौर शहर वृत्त का भी लाइनमैन सम्मान समारोह गरिमामय आयोजन साउथ तुकोगंज स्थित साउथ एवेन्यू होटल में हुआ। आयोजन में शहर अधीक्षण यंत्री श्री मनोज शर्मा, कार्यपालन यंत्रीगण सर्वश्री श्रीकांत बारस्कर, रामलखन धाकड़, विनय प्रताप सिंह, डीके तिवारी, योगेश आठनेरे, राजेश दुबे, अरविंद सिंह, अनिल व्यास आदि की मौजूदगी में हुआ। शहरी क्षेत्र के सर्वश्री गोपाल हिन्दूसिंह चौधरी, महेश भदोरिया, परसराम मौर्य, बलराम पाल, राधेश्याम दरियाव, रंजन मंगल यादव, विक्रम पीराजी, अर्जुन पवार, अर्जुन पटेल, ललित कौशल, रामराज यादव, सचेन्द्र चौरसिया का अभिनंदन किया गया। लाइनमैनों ने अपने कार्य को लेकर अनुभव शेयर किए। सुरक्षा संकल्प भी दिलाया गया। आभार शीतल जैन ने माना।

# अब अवैध नल कनेक्शन वैध कराने पर लगेगा दोगुना शुल्क

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** नगर निगम अभियान चलाकर अवैध नल कनेक्शन को वैध कर रहा है। यह अभियान 6 मार्च तक चलेगा। इसके बाद अवैध नल कनेक्शन को वैध करने के लिए दो गुना राशि लगेगी। अभी निगम मलीन बस्ती में 2500 रुपए और सामान्य कॉलोनी में 6 हजार रुपए ले रहा है, जो कि दो दिन बाद सीधे डबल हो जाएंगे। इसके चलते मलिन बस्ती में 2500 की जगह 5 हजार रुपए और सामान्य कॉलोनी में 6 हजार रुपए की जगह 12 हजार रुपए लगेंगे।

राजस्व विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार शहर में जलकर के 2 लाख 50 हजार के आसपास खाते हैं। इससे ज्यादा अवैध नल कनेक्शन है। इन अवैध नल कनेक्शन को वैध करने की मुहिम निगम राजस्व विभाग ने शुरू की है। इसके लिए मलिन बस्ती में अवैध नल कनेक्शन को वैध करने के लिए 2500 रुपए और सामान्य कॉलोनियों में 6 हजार कनेक्शन वैध करने को लेकर किए जा रहे हैं। पिछले एक महीने से चल रहा यह अभियान दो दिन बाद 6 मार्च को खत्म हो जाएगा। इसके बाद अगर किसी व्यक्ति ने अपना अवैध नल कनेक्शन वैध नहीं कराया तो उससे फिर दोगुना शुल्क लेकर कनेक्शन वैध किया जाएगा। मलिन बस्ती में जहां 2500 रुपए की जगह 5 हजार रुपए लगेंगे, वहीं सामान्य कॉलोनी में 6 हजार रुपए की जगह 12 हजार रुपए लगेंगे। इसके बाद भी अगर कोई व्यक्ति अवैध नल कनेक्शन वैध नहीं कराता है तो फिर नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी।

**अभी तक हुए 15521 कनेक्शन वैध-** जलकार्य समिति प्रभारी अभिषेक शर्मा बबलू ने कहा कि अभियान के अंतर्गत अभी तक 15521 अवैध नल कनेक्शन वैध किए गए है। इससे 4 करोड़ 79 लाख 87 हजार 570 रुपए निगम खजाने में जमा हुए हैं। आज से शेष बचे दो दिनों में अभियान में और तेजी लाने के निर्देश अफसरों को दिए हैं। इधर, जलप्रदाय विभाग के अपर आयुक्त अभिलाश मिश्रा का कहना है कि 6 मार्च को अभियान समाप्त होने के बाद लोगों को अपने नल कनेक्शन को वैध कराने के लिए दोगुनी राशि का भुगतान करना होगा। अगर लोगों ने कनेक्शन वैध नहीं कराए तो फिर इन्हें काटने की कार्रवाई होगी।

# शहरी तालाबों और शासकीय मंदिरों की भूमि का होगा सीमांकन

## कलेक्टर की अध्यक्षता में टी.एल. बैठक सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर के सभी शहरी तालाबों और शासकीय मंदिरों की भूमि का सीमांकन किया जायेगा। सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही तथा उदासिनता बरतने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जल हठ अभियान के तहत चिन्हित भूमि से अतिक्रमण हटाया जायेगा। यह जानकारी आज यहां कलेक्टर श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में टीएल बैठक में दी गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना लोवंशी, श्री राजेन्द्र रघुवंशी, श्रीमती निशा डामोर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज प्रकरणों के निराकरण की बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में किया जाये। अधिकारी प्रतिदिन गंभीरता से प्रकरणों का अध्ययन करें। शिकायतकर्ता द्वारा चाही गई मदद का निराकरण करें। कार्य में कोताही नहीं बरती जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि शहरी तालाबों और शासकीय मंदिरों की भूमि का सीमांकन हो। नजरी सर्वे कर नक्शा तैयार किया जाये। रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करें। बैठक में अंतरविभागीय मुद्दो पर भी चर्चा की गई।

### कटाक्ष




# सार्वजनिक स्थानों के पास से दुकानें हटाने मांग

## →शराब दुकानों को लेकर महापौर ने की कलेक्टर से चर्चा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नए वित्तीय वर्ष-2024-25 के लिए शराब दुकानों की नीलामी हो गई है। इसमें शहर के ऐसे स्थानों पर शराब की दुकानें लगाने के लिए जगह आवंटन हो गई है जो कि स्कूल, धर्मस्थल और सार्वजनिक स्थानों के पास है। इन जगहों से दुकानों को हटाने की मांग महापौर ने की है। इसके साथ ही उन्होंने कलेक्टर से बात कर जल्द से जल्द दुकानों को अन्य खुले स्थानों पर शिफ्ट करने का कहा है।**

शहर में शराब दुकानों को लेकर कई जगह विरोध हो रहा है। जनता के साथ जनप्रतिनिधि शराब दुकानों का विरोध कर रहे हैं। पिछले दिनों जहां विधायक रमेश मेंदोला ने बाणगंगा क्षेत्र की एक शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर क्षेत्रीय लोगों के साथ प्रदर्शन किया था, वहीं महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कलेक्टर आशीष सिंह से बात की।

महापौर भार्गव ने बताया कि नए वित्तीय वर्ष-2024-25 के लिए शहर के ऐसे स्थानों पर शराब की दुकाने लगाने के लिए जगह आवंटन हो गई है जो कि स्कूल, धर्मस्थल और सार्वजनिक स्थानों के पास है। पिछले वित्तीय वर्ष-2023-24 में इन स्थानों के पास आवंटित शराब दुकान इस वर्ष भी वहीं पर है। इससे क्षेत्रीय जनता में आक्रोश है। यह देखते हुए कलेक्टर सिंह से बात कर स्कूलों, धर्मस्थलों और सार्वजनिक स्थानों के पास से शराब दुकानें हटाने की मांग रखी गई हैं। महापौर भार्गव ने ऐसी सब दुकानों को शिफ्ट करने का भी कहा है, जो कि चौराहा पर होने से यातायात जाम करने का कारण बनती है। उन्होंने जल्द से जल्द दुकानों को खुले स्थानों पर शिफ्ट करने का कलेक्टर से कहा गया है ताकि जनता को राहत मिले।

# प्रतिभा सम्मान समारोह व भजन संध्या का शानदार आयोजन बाबाश्री गार्डन में हुआ सम्पन्न

## देर रात तक भजनों की स्वरलहरियों पर थिरकते रहे लोग





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। संस्था 'आदित्य' द्वारा स्थानीय बाबाश्री गार्डन में प्रतिभा सम्मान समारोह व भजन संध्या का शानदार आयोजन हुआ । संस्था क़े संयोजक सचिन नीमा ने बताया की कार्यक्रम के प्रारंभ में गणेश वंदना की प्रस्तुति मुस्कान शर्मा की टीम ने दी तत्पश्चात प्रतिभाओ का सम्मान इंदौर विधानसभा -3 के विधायक गोलू शुक्ला ने किया।इस सूची में मशहूर धावक कार्तिक जोशी (इंदौर से अयोध्या तक दौड़ कर पहुँचने वाले ),प्रसिद्ध भजन गायक पं.सुधीर व्यास (ये चमक ये दमक फेम् ),प्रतीक्षा जी नैयर (मालवी भाभी ),प्रो.सरोज कुमार (कवि व लेखक ),मोनिका शर्मा (सामाजिक कार्यकर्ता ),ममता बिरथरे (महिला नेत्री ),अनामिका सितलानी (सेलेब्रिटीज़ मेकअप आर्टिस्ट ), जितेंद्र जी मौर्य (इंडियन आर्मी ),शेलेन्द जी नीमा (व्यवसायी ),अनिल भंडारी (पत्रकार ) में शामिल थे।इसके पश्चात भजन संध्या व फ़ाग महोत्सव का रंग मुस्कान शर्मा की टीम ने ऐसा जमाया की लोग देर रात तक भजनो की स्वरलहरियों पर थिरकते रहे।अंत मे सभी को आभार पवन लासुरकर ने माना। कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष रूप से रूपेश वर्मा,प्रवीण मौर्य, शिवेंद्र रोहित,सुरेश बंजरिया,उमेश पांडे,कमल सूर्यवंशी, मनीष नीमा आदि का विशेष सहयोग रहा।





# स्वच्छता का सातवां आसमान छूने पर इंदौर को आज सम्मानित करेंगे मुख्यमंत्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। स्वाच्छता का सातवां आसमान छूने वाले इंदौर को मंगलवार को भोपाल में आयोजित स्वच्छता प्रेरणा समारोह में मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव और नगरीय आवास एवं विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सम्मानित करेंगे। महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगमायुक्त हर्षिका सिंह यह पुरस्कार प्राप्त करेंगे।

इंदौर को इसके अलावा दो अन्य श्रेणियों सबसे सुंदर व्यावसायिक स्थल (56 दुकान) और सबसे सुंदर हरित क्षेत्र (अहिल्यावन) के लिए भी पुरस्कृत किया जाएगा। 5 मार्च को भोपाल के लाल परेड ग्राउंड पर सुबह 11 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम में स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रदेश के नगरीय निकायों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह का निगम मुख्यालय प्रांगण में सीधा प्रसारण भी किया जाएगा।

## एक हजार से ज्यादा कर्मचारी, अधिकारी होंगे शामिल

इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए इंदौर से एक हजार से ज्यादा निगमकर्मी और अधिकारी भोपाल जाएंगे। इन्हें इंदौर नगर निगम से 40 बसों से भोपाल ले जाया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शुरू होगा लेकिन अवार्ड सेरेमनी दोपहर तीन बजे होगी। आयोजन में महापौर और निगमायुक्त के अलावा इंदौर के सांसद, नगर निगम के अपर आयुक्त भी शामिल होंगे। सबसे सुंदर व्यावसायिक स्थल (56 दुकान) और सबसे सुंदर हरित क्षेत्र (अहिल्यावन) के पुरस्कार स्मार्ट सिटी सीइओ दिव्यांक सिंह और जनकार्य समिति प्रभारी राजेंद्र राठौर ग्रहण करेंगे।

## व्यापारियों का गुस्सा फूटा

# विधायक का घर घेरा: बोले- जवाहर मार्ग पर लागू वन-वे खत्म करो, धंधे चौपट हो गए हैं



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जवाहर मार्ग पर एक महीने से लागू वनवे सिस्टम का विरोध बढ़ गया है। सोमवार दोपहर व्यापारियों ने फैसले के खिलाफ रैली निकाली। बैनर-पोस्टर लेकर इंदौर-4 की भाजपा विधायक के घर पहुंच गए। घेराव कर नारेबाजी तो विधायक मिलने बाहर आईं। उन्होंने इस बारे में ट्रैफिक पुलिस और महापौर से चर्चा का आश्वासन दिया। उसके बाद आंदोलन स्थगित कर दिया गया। व्यापारियों का कहना है कि जवाहर मार्ग पर 6 फरवरी से पूरी तरह वनवे लागू हुआ है। इस कारण से टू व्हीलर भी नहीं निकलने दी जाती है। इससे हमारे धंधे चौपट हो रहे हैं, जाम लगता है सो अलग। उन्होंने कहा कि जवाहर मार्ग पर कम से कम टू व्हीलर के लिए दोनों तरफ से आवाजाही चालू कर देना चाहिए। चालानी कार्यवाही रोकी जाए।

## ट्रायल के बाद लागू हुआ था वन वे

जनवरी एंड में इंदौर के जवाहर मार्ग पर वनवे के लिए प्रयोग शुरू हुआ और सात दिन तक ट्रायल चला। उसके बाद कलेक्टर आशीष सिंह ने इसे अधिकृत तौर पर वनवे करने का आदेश 6 फरवरी को जारी कर दिया। इसी के विरोध में अब विधायक मालिनी गौड़ के घर जाकर व्यापारियों ने प्रदर्शन किया है। जवाहर मार्ग क्षेत्र के व्यापारी हाथों में बैनर लेकर सैकड़ों की संख्या में विधायक के लुनियापुरा स्थित कार्यालय पर पहुंचे और नारेबाजी भी की। व्यापारियों से उनकी मांगों पर चर्चा करने के बाद विधायक गौड़ ने इस मामले में जल्द ही सकारात्मक फैसला लेने का आश्वासन दिया है।

## 6 फरवरी को कलेक्टर ने जारी किया था आदेश

इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह ने 6 फरवरी को एक आदेश जारी किया था। इसमें जवाहर मार्ग एवं एमजी रोड को वन-वे करने की घोषणा की गई थी। दोनों ही क्षेत्रों में वाहनों के भारी दबाव के चलते वन-वे में टू-व्हीलर को भी प्रतिबंधित किया गया था। जवाहर मार्ग व्यापारी एसोसिएशन ने मार्केट एरिया होने के चलते टू-व्हीलर को प्रतिबंध से मुक्त करने की मांग की है।

## इंदौर को मिलेगी इस माह बड़ी उपलब्धि

# इस माह के अंत तक इंदौर हर घर में नल से जल पहुंचाने वाला जिला बनेगा

### जल जीवन मिशन अन्तर्गत एक दिवसीय अंतर्विभागीय संभागीय कार्यशाला सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **जल जीवन मिशन की प्राथमिकता और शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति हेतु अंतर्विभागीय अभिसरण की आवश्यकता, प्रभावी क्रियान्वयन, विभागीय समन्वय, जल गुणवत्ता एवं योजना हस्तांतरण सहित अन्य विषयों पर एक दिवसीय संभागीय कार्यशाला का आयोजन आज इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया। कार्यशाला संभागायुक्त श्री मालसिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। इस कार्यशाला में इंदौर कलेक्टर श्री आशीष सिंह, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मुख्य अभियंता श्री के.के. सोनगरिया सहित इंदौर संभाग के सभी जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, संभाग के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, विद्युत विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी एवं जल जीवन मिशन से जुड़े अन्य सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।**

कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए संभागायुक्त श्री मालसिंह ने कहा कि जल जीवन मिशन के सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर पूर्ण हो। उन्होंने कहा कि मिशन के अंतर्गत प्राप्त सफलता से हमे प्रेरणा मिलेगी। कमियों पर भी चर्चा होना चाहिए, इससे कमियों को दूर करने में मदद मिलेगी। उन्होंने निर्देश दिये कि कार्यों की समय पर मॉनीटरिंग हो। अधिकारी धरातल पर मौके पर पहुंचकर मॉनीटरिंग करें। कार्य को मौके पर देखने से कमियां समय पर पता चलेगी, जिससे समय पर ही सुधार हो सकेगा। श्री माल सिंह ने कहा कि जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में स्व सहायता समूह के सदस्यों की सक्रिय भूमिका तय की जाये। इसके लिये ग्रामवार प्लान तैयार किया जाये। सभी संबंधित विभागों के सहयोग एवं समन्वय से कार्य हो। कार्य को पूर्ण करने के लिये समयबद्ध कार्ययोजना तैयार की जाये। लक्ष्य हासिल करने के लिये समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर कार्य किये जाये। मॉनीटरिंग की व्यवस्था को पुख्ता बनाया जाये। उपयोगकतार्ओं की ग्रामवार टीमें बनाई जाये। जागरूकता के लिये सभी संबंधित विभाग मिलकर कार्य करें। रखरखाव की जिम्मेदारी ग्रामीणों, स्व सहायता समूहों की सक्रिय भूमिका तय कर उन्हें दी जाये। नियमित रूप से संचालन एवं रखरखाव की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाये। कार्यशाला में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मुख्य अभियंता श्री के.के. सोनगरिया ने इंदौर संभाग में मिशन के तहत चल रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इंदौर संभाग में मिशन के अंतर्गत बेहतर कार्य हो रहे है।

# बीए की स्टूडेंट से छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। एमआईजी इलाके में रहने वाली बीए की स्टूडेंट के साथ इलाके के ही एक बदमाश ने छेड़छाड़ की। छात्रा के चिल्लाने पर रहवासियों ने आरोपी को पकड़ा और उसकी जमकर धुनाई कर दी। आरोपी पिछले कई दिनों से पीड़िता का पीछा कर रहा था। रविवार को आरोपी ने उस समय वारदात को अंजाम दिया, जब पीड़िता अपनी मां के साथ बाजार जा रही थी। एमआईजी पुलिस के मुताबिक 19 साल की छात्रा ने बताया कि वह बीए सेकेंड ईयर में पढ़ाई कर रही है। रविवार शाम को वह संजय गांधी नगर से अपनी मां के साथ जा रही थी। तभी पीछे से आकाश पुत्र विजय अंबोरे आया और दोनों हाथ पकड़ कर अश्लील हरकत करने लगा। अचानक हुई हरकत से छात्रा डर गई। इस दौरान मां ने हाथ छुड़ाने की कोशिश की। लेकिन आकाश ने उन्हें धक्का दे दिया। छात्रा के मदद लिए चिल्लाने पर आकाश को लोगों ने पकड़ा और पीट दिया। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी को पकडक़र अपने साथ ले गई।

# साइबर सुरक्षा प्रबंधन पर ई-लर्निंग प्रशिक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** ई-रिकार्ड डेटा चोरी और साइबर फ्रॉड की घटनाओं को रोकने, कम्प्यूटर-इंटरनेट, मोबाइल, एटीएम, डिजिटल सिग्नेचर, ईमेल, आधार कार्ड के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उद्यमिता विकास केन्द्र मध्यप्रदेश (सेडमैप) द्वारा 8 दिवसीय साइबर सुरक्षा प्रबंधन पर ई-लर्निंग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रतिदिन दो घण्टे ऑनलाइन प्रशिक्षण के दौरान 16 व्याख्यानों की व्यवस्था की गई है। सेडमैप की कार्यकारी संचालक श्रीमती अनुराधा सिंघई ने बताया कि आउटसोर्स कम्प्यूटर ऑपरेटर, डाटा एंट्री ऑपरेटर और अन्य आई.टी. कर्मचारियों को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया गया है, जिसमें केन्द्र और राज्य सरकार के इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, गृह मंत्रालय एवं राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा पालिसी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप साइबर सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना है, ताकि कार्यालयों में साइबर सुरक्षा फ्रेमवर्क स्थापित कर, उसे बनाए रखा जा सके। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण से आई.टी. संसाधनों के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा मिलेगा साथ ही सूचना की सुरक्षा तथा कार्यस्थल पर साइबर क्राइम, ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, सुरक्षा उपाय एवं रोकथाम, साइबर फ्रॉड की शिकायत एवं क्षतिपूर्ति की प्रक्रिया, ई-गवर्नेंस एवं कम्प्यूटर संसाधनों से सम्बंधित कानून, सुरक्षित बैंकिंग आदि पर आधारित महत्वपूर्ण जानकारी विषय विशेषज्ञों द्वारा दी जाएगी। इसके अतिरिक्त इच्छुक व्यक्तियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया जाएगा।

# शिव महापुराण कथा पंडाल में श्रद्धालुओं का सैलाब

## 7 मार्च से होने वाली कथा के लिए चार दिन पहले ही पंडाल में डेरा जमाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर । जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर और कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में आगामी सात मार्च से सात दिवसीय रुद्राक्ष महोत्सव शिव महापुराण का भव्य आयोजन किया जाना है। इसको लेकर तैयारियां की जा रही है।**



पंडित प्रदीप मिश्रा देश भर में प्रसिद्ध है, उनके द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम में शामिल होने के लिए देश भर के श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। चार दिन पहले ही यहां पर लगाए जा रहे पंडाल में श्रद्धालुओं के आगमन हो गया है। विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य टीम ने यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं की व्यवस्था की। इसके अलावा श्रद्धालुओं के भोजन की व्यवस्था के लिए छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, महाराष्ट्र, राजस्थान और मध्यप्रदेश से करीब 500 से अधिक महिलाएं और पुरुष भी आ चुके हैं।

विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि पंडित मिश्रा के शिव महापुराण कथा पंडाल में आस्थावान श्रद्धालुओं का सैलाब कथा शुरू होने से पहले देखते ही बन रहा है। सात दिवसीय शिव महापुराण कथा की शुरुआत सात मार्च से होगी। लेकिन आज तक पंडाल की स्थिति यह हो चुकी है कि यहां आने वाले श्रद्धालु सिर पर कपड़ों का बैग रखकर ऐसे प्रयास कर रहे हैं, जिससे उन्हें कथास्थल के नजदीक से नजदीक बैठने का मौका मिल सके। काफी लोग पंडाल में देर से पहुंचने पर खुद से ही नाराज हैं, क्योंकि पंडाल की अग्रिम पंक्ति के स्थान पर पहले ही श्रद्धालु बैठ चुके हैं।

जबकि देर से आए श्रद्धालु सिर पर कपड़ों का बैग रखकर अपनी जगह संभालने में लगे हुए हैं। शिव महापुराण कथा के पंडाल में अपनी जगह रोक कर बैठे कुछ लोग निश्चिंत दिखाई दे रहे हैं, क्योंकि उन्होंने अपनी जगह कथा शुरू होने के पहले से ही संभाल ली है। ऐसे लोगों ने बाबा को याद करते हुए जमकर भजन कीर्तन किया। वहीं प्रशासन भी यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा नहीं हो इसका इंतजाम कर रहा है। कुबेरेश्वर धाम में रुद्राक्ष महोत्सव एवं शिवमहापुराण के दौरान सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर द्वारा कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

# आपसी संघर्ष में घायल बाघ की मौत

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा कोर में मिला शव, जांच में जुटी टीम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उमरिया।** बाघों के लिए विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में आपसी संघर्ष में घायल बाघ की मौत हो गई। जानकारी के बाद टाइगर रिजर्व की टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। शव का पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार किया गया। टाइगर रिजर्व में सोमवार को पनपथा कोर के हरदी बीट के कक्ष क्रमांक आर एफ 455 में बाघ का शव मिला। जंगल में दो बाघों के आपसी संघर्ष में एक बाघ की मौत के बाद बाघ का शव 29 फरवरी को सर्चिंग टीम को मिला। लेकिन दूसरे घायल बाघ की सर्चिंग भी बीटीआर की टीम कर रही थी। सर्चिंग टीम पर बाघ ने हमला भी कर दिया था। जिसमें दो सुरक्षा श्रमिक घायल हो गए थे। सोमवार को दूसरे घायल बाघ का शव मिला। जानकारी के बाद टाइगर रिजर्व की टीम मौके पर पहुंची। शव का पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार कराया गया।

# खंडवा में पुलिस चेकिंग में लिस्टेड गुंडे की करतूत

## →बाइक से टक्कर मारकर बैरिकेड को उछाला, महिला पुलिसकर्मी के दोनों पैर टूटे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा । गुंडों में पुलिस का खौफ खत्म हो गया है। यही वजह है कि पुलिस के धड़पकड़ अभियान में एक लिस्टेड गुंडे ने पुलिस को टारगेट करते हुए पहले रोड पर लगाए बैरिकेड को बाइक से टक्कर मारकर उछाला। फिर एक महिला हेडकांस्टेबल के पैरों पर पहिए चढ़ा दिए। घायल हेडकांस्टेबल के दोनों पैर टूट गए हैं। पुलिस का घेरा तोड़कर बदमाश पहले तो कामयाब हो गया लेकिन बाद में उसे पुलिस ने दबोच लिया।**

सोमवार शाम 5 बजे रामनगर चौकी प्रभारी एसआई सुभाष नावड़े और उनकी टीम जसवाड़ी रोड पर ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले बाइक सवारों की धड़पकड़ कर रही थी। इस बीच चीरा खदान क्षेत्र में रहने वाला बदमाश प्रतीक उर्फ टिंका पिता विजय जगताप बाइक लेकर वहां पहुंचा। प्रतीक को पुलिस टीम रोकने लगी तो उसने बाइक की रफ्तार तेज कर दी। गाड़ी को रोकने के लिए लगाए बैरिकेड को टक्कर मारकर उसने उछाल दिया। बैरिकेड महिला हेडकांस्टेबल बालकी रावत पर गिरा। उसके बाद प्रतीक वहां से भागने लगा और बालकी के पैर पर पहिए चढ़ा दिए।

पुलिस का घेरा तोड़कर प्रतीक तब तो भागने में सफल हो गया, लेकिन बाद में वह पकड़ा गया। इधर, घायल बालकी को एसआई नावड़े अस्पताल लेकर पहुंचे। बालकी के दोनों पैर फ्रैक्चर हो चुके हैं। फिलहाल वह अस्पताल में भर्ती है। आरोपी टिंका के खिलाफ पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है।

### पुलिस से दुश्मनी निकालने के लिए गुंडे का वार

एसआई नावड़े ने बताया टिंका के खिलाफ 8 गंभीर अपराध दर्ज है। शहर के गुंडों की फेहरिस्त में उसका भी नाम है। टिंका के खिलाफ पुलिस सख्ती बरतती है इसीलिए वह पुलिस को टारगेट करता है। आज का हमला भी उसी का परिणाम है। पुलिस से दुश्मनी निकालने के लिए उसने पुलिस घेरा तोड़ा और एक महिला पुलिसकर्मी के पैर पर गाड़ी तक चढ़ा दी। इसी के चलते कोतवाली पुलिस ने टिंका के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# बसपा नेता की सिर में गोली मारकर हत्या

## →एक साल से मिल रही थी धमकी, बुलैट प्रूफ जैकेट पहनते थे

**छतरपुर। छतरपुर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में सागर रोड स्थित जुगराज होटल के गेट पर सोमवार रात बिजावर विधानसभा क्षेत्र से बसपा के प्रत्याशी रहे महेंद्र गुप्ता की सिर में दो गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद गुस्साए लोगों ने मौके का वीडियो बना रहे अन्य लोगों से मारपीट कर दी। मंगलवार सुबह 9 बजे महेंद्र के शव का पोस्टमॉर्टम किया गया।**



बसपा जिला अध्यक्ष शंकरलाल अहिरवार आरोप है कि महेंद्र को एक साल से धमकियां मिल रही थीं। एसपी को सुरक्षा के लिए आवेदन दिया था। वे हमेशा बुलैट प्रूफ जैकेट पहनते थे, अपराधियों को पहले से पता था। इसलिए सिर में गोली मारी है।

ईशानगर के महेंद्र गुप्ता अपने सुरक्षा गार्ड अब्दुल मंसूरी के साथ सोमवार देर रात पहाड़गांव के मित्र कुलदीप सिंह की बेटी की शादी में शामिल होने पहुंचे थे। ईशानगर जाने के लिए जुगराज होटल के गेट से बाहर निकले तभी दो बाइक सवार आए और सामने खड़े हो गए। इसके बाद उन्होंने सिर में दो गोली मार दी। इसके बाद पीछे खड़े दूसरे आरोपी ने एक हवाई फायर किया और वे फरार हो गए। हत्या के पीछे सियासी रंजिश बताई जा रही है। एसपी अमित सांघी ने बताया कि जल्द पुलिस आरोपियों को पकड़ लेगी।

### ड्राइवर से पुलिस कर रही पूछताछ

घटना की जानकारी मिलते ही सीएसपी अमन मिश्रा, सिटी कोतवाली प्रभारी अरविंद कुजूर समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस महेंद्र के ड्राइवर अब्दुल मंसूरी को पूछताछ के लिए थाने ले गई। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### प्लानिंग के साथ किया मर्डर

शंकरलाल अहिरवार ने बताया कि यह पहली बार नहीं जब बसपा नेता की हत्या हुई है, इससे पहले देशराज यादव, हंसराज अहिरवार और अब महेंद्र गुप्ता का मर्डर किया गया। यह दुश्मनों की चाल है, प्लानिंग से मर्डर किया गया है। कानून व्यवस्था लचर हो चुकी है। कल प्रदेश अध्यक्ष ने एसपी से बात की थी, तो छतरपुर एसपी अमित सांघी ने कहा था कि अपराधियों को जल्द पकड़कर 302 का मुकदमा दर्ज करेंगे। महेंद्र गुप्ता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष और सक्रिय नेता थे।

महेंद्र ने साल 2023 में छतरपुर जिले की बिजावर सीट से बसपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में वे तीसरे नंबर पर रहे थे। उन्हें 10443 वोट मिले थे। महेंद्र कुमार गुप्ता बसपा के जिला उपाध्यक्ष भी थे। वे सरपंच भी रह चुके हैं।

# पेड़ पर लटके मिले पिता और दो बच्चों के शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंदसौर।** शहर में एक पिता ने अपने दो बच्चों को फांसी के फंदे पर लटकाकर खुद भी आत्महत्या कर ली। तीनों के शव एक पेड़ पर लटके मिले। पुलिस को वहां एक सुसाइड नोट मिला है। इसमें गांव के 7 लोगों पर प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। इस घटना से आक्रोशित लोगों ने आरोपियों के घर पर पथराव किया, तोडफ़ोड़ की। साथ ही आगजनी भी की। मामला जिले के शामगढ़ थाना क्षेत्र के रुंडी गांव में सोमवार सुबह का है। पुलिस के मुताबिक रुंडी गांव का रहने वाले प्रकाश बंजारा (35) ने अपनी बेटी सुमन (13) और बेटे विशाल (10) को पेड़ पर फंदा डालकर फांसी लगा दी। इसके बाद खुद भी फंदे पर झूल गया। वह कंबल बेचने का काम करता था। सोमवार सुबह परिजन खेत पर पहुंचे तो तीनों के शव पेड़ से लटके मिले। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर एएसपी, एसडीओपी और थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। एफएसएल टीम को भी बुलाया गया।

**आरोपियों के घर की तोड़फोड़, पुलिस ने किया बल प्रयोग** -पिता और दो मासूम की पेड़ पर लटकी लाशें देख लोग आक्रोशित हो गए। लोगों ने आरोपियों के घर पर पथराव करते हुए तोड़फोड़ की। खेत पर पड़ी एक कृषि मशीन में आग लगा दी। मौके पर पहुंची पुलिस को हालात काबू करने के लिए हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। गांव में पुलिस फोर्स तैनात किया गया है। एसडीएम गरोठ रविंद्र परमार ने बताया कि ग्राम रुंडी में एक पिता और उसके दो बच्चों ने आत्महत्या की है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद केस दर्ज किया जाएगा। सुसाइड को लेकर गांव वालों की स्वाभाविक नाराजगी थी। हमने प्रशासन की तरफ से उनको आश्वस्त किया है कि आरोपियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**इनका कहना है**-एसपी अनुराग सुजानिया ने बताया की प्रकाश बंजारा ने अपने 2 बच्चो को पहले फांसी पर लटकाया फिर खुद आत्महत्या की। एक सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें गांव के चार पुरुष और तीन महिलाओ ने प्रताड़ित करने का जिक्र किया है। ग्रमीणो ने आरोपियों के घर तोड़फोड़ की है। इसमें बल प्रयोग किया भीड़ को खदेड़ा है।

New Delhi

# जेल में लश्कर का खेल, कैदी बनाए जा रहे थे आतंकी; NIA की 17 जगह छापेमारी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** बेंगलुरु की जेल में आतंकी बनाए जाने के खेल को लेकर एनआईए सात राज्यों में 17 ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। बता दें कि इस मामले की जांच एनआईए एक साल से कर रही है। लश्कर के आतंकी टी नसीर पर आरोप है कि वह बेंगलुरु सेंट्रल जेल के अंदर भी कैदियों को आतंकी बनाने में लगा हुआ था। इसके अलावा बेंगलुरु कैफे ब्लास्ट मामले में भी एनआईए जांच में जुटी है। जानकारी के मुताबिक बेंगलुरु में कई जगहों पर एनआईए की रेड पड़ी। 17 लोकेशन पर अब भी सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि बेंगलुरु ब्लास्ट के तार भी इस रैडिकलाइजेशन के रैकेट के साथ जुड़े हो सकते हैं।



बेंगलुरु की जेल में हथियार और वॉकी टॉकी मिलने के बाद बेंगलुरु सिटी पुलिस ने जुलाई 2023 में एक केस दर्ज किया था। जेल से 7 पि्तौल, 4 हैंड ग्रेनेड और 45 जिंदा कारतूस बरामद हुए थे। ऐसे में साफ हो गया है कि शुक्रवार बेंगलुरु के फेमस कैफे में हुए ब्लास्ट का कनेक्शन प्रिजनर रैडिकलाइजेशन से भी है। सोमवार को ही एजेंसी को रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट का मामला सौंपा गया है और एक दिन बाद ही एनआईए ने छापेमारी शुरू कर दी है। बता दें कि जेल में आतंकी बनाने के मामले में एनआीए ने पहले ही आठ लोगों के खिलाफ चार्जशीट फाइल की थी जिसमें टी नसीर भी शामिल है। वहीं दो संदिग्ध फरार भी हैं।

P. Bangal

## अयोध्या के राम मंदिर पर TMC विधायक के बिगड़े बोल, BJP ने किया पलटवार

**कोलाकाता, (एजेंसी) तृणमूल कांग्रेस के एक विधायक ने अयोध्या के राम मंदिर को लेकर एक विवादित बयान दिया है. TMC विधायक रामेंदु सिंहराय ने कहा है कि अयोध्या का राम मंदिर एक अपवित्र धर्म स्थान है. इसलिए हिंदुओं को अयोध्या के राम मंदिर में पूजा नहीं करनी चाहिए.**

TMC विधायक सहाय ने आगे कहा,'मंदिर में तो भगवान की प्राण प्रतिष्ठा ब्राह्मण करते हैं. ठीक इसी तरह इमाम साहब मस्जिदों में सारे धार्मिक रीति-रिवाज को निभाते हैं.' रामेंदु सहाय ने सवाल किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्राह्मण ना होते हुए भी किस हैसियत से अयोध्या के राम मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा की? उन्होंने यह भी पूछा कि पीएम मोदी ने जनेऊ कब धारण किया?

रामेंदु सहाय के इस बयान पर भारतीय जनता पार्टी (BJP) हमलावर हो गई है. बीजेपी नेता और विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने पलटवार करते हुए कहा है कि तृणमूल कांग्रेस के नेताओं की सच्चाई यही है. उन्होंने आगे कहा,'हिन्दुओं पर आक्रमण करते-करते उनकी (TMC नेता) हिम्मत इतनी बढ़ गई है कि वह अब भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर को 'अपवित्र' बताने की धृष्टता कर रहे हैं.' शुभेंदु अधिकारी ने टीएमसी विधायक पर निशाना साधते हुए कहा,'टीएमसी विधायक ने कहा है कि किसी भी भारतीय हिंदू को ऐसे अपवित्र स्थल पर पूजा नहीं करनी चाहिए. उनके इस वर्णन से भगवान श्रीराम के प्रति TMC नेतृत्व की अनुभूति उजागर होती है.' उन्होंने आगे कहा कि वे तृणमूल विधायक के इस अपमानजनक बयान की कड़ी निंदा करते हैं. साथ में वह दुनियाभर के हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले ऐसे घृणित बयान के लिए इस व्यक्ति के खिलाफ FIR दर्ज करने की तैयारी भी कर रहे हैं.

Uttarpradesh

## शादी के रस्मों में हुई देर तो जयमाला के दौरान ही दूल्हा-दुल्हन ने जड़ दिया एक दूसरे को थप्पड़, टूटा रिश्ता

**मेरठ, (एजेंसी)** यूपी के मेरठ में शादी के रस्मों में देरी होने की वजह से जयमाला के दौरान दूल्हा और दुल्हन में तकरार हो गई और दोनों ने एक दूसरे को थप्पड़ जड़ दिए. मामला इतना बिगड़ गया कि दोनों ने शादी से इनकार कर दिया और बारात बिना दुल्हन के वापस लौट गई. यह मामला मेरठ के दौराला थाना क्षेत्र का है जहां सोमवार को एक जोड़े का प्रेम विवाह होना था और विवाह के दौरान दूल्हा-दुल्हन में तकरार हो गई. मेरठ के दौराला थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती दिल्ली में प्राइवेट कंपनी में जॉब करती है और युवक भी उसी के साथ काम करता है. दोनों को एक दूसरे से प्यार हो गया. इसके बाद दोनों के परिजनों को जब जानकारी हुई तो उन्होंने शादी कराने का फैसला लिया. सोमवार को युवक बारात लेकर मेरठ के दौराला इलाके में पहुंचा था. बताया जा रहा है कि यहां शादी की रस्मों में थोड़ी देर हो गई जिसके बाद दोनों पक्ष में कहासुनी शुरू हो गई. हालांकि उस वक्त बीच बचाव कर मामले को निपटा दिया गया , लेकिन जयमाल के दौरान रस्मों में देरी होने के चलते दूल्हा और दुल्हन का गुस्सा सातवें आसमान पर था.

Karnataka

## कांग्रेस सरकार आई तो मोदी को जान से मार दूंगा, मोहम्मद रसूल ने दी धमकी तलाश में जुटी कर्नाटक पुलिस

**यादगिरी, (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जान से मारने की धमकी देने के आरोपी मोहम्मद रसूल कद्दारे के खिलाफ कर्नाटक पुलिस ने कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। मोहम्मद रसूल ने सोमवार को धमकी देते हुए एक वीडियो शेयर किया था। वीडियो में उसने कथित तौर पर कहा था कि 'केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनी तो मोदी को जान से मार देगा।' वीडियो में शख्स तलवार लिए नजर आ रहा है। पुलिस ने आरोपी मोहम्मद रसूल कद्दारे को पकड़ने के लिए हैदराबाद सहित विभिन्न स्थानों पर तलाश शुरू कर दी है। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, मोहम्मद रसूल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें वह तलवार लेकर पीएम मोदी को जान से मारने की धमकी देते नजर आ रहा है। उसके खिलाफ यादगिरी के सुरपुर पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 505(1)(बी), 25(1)(बी) और आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है। यादगिरी पुलिस ने कहा, 'सुरपुर पुलिस स्टेशन में मोहम्मद रसूल कद्दारे के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। उसने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया था जिसमें उसने केंद्र में कांग्रेस सरकार आने पर पीएम मोदी को जान से मारने की धमकी दी थी। उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 505(1)(बी), 25(1)(बी) और आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। सुरपुर पुलिस ने हैदराबाद सहित विभिन्न स्थानों पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।'

खेल

# शटलर बी साई प्रणीत ने किया संन्यास का एलान, 31 की उम्र में खत्म किया शानदार करियर


**नई दिल्ली। भारतीय बैडमिंटन स्टार बी साई प्रणीत ने रविवार को संन्यास का एलान कर दिया। 31 वर्ष की उम्र में स्टार शटलर ने अपने करियर को समाप्त कर दिया। प्रणीत ने 2019 में विश्व चैंपियनशिप के दौरान कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा था। 36 साल बाद इस उपलब्धि को हासिल करने वाले वह पहले भारतीय बने। इससे पहले 1983 में प्रकाश पादुकोण ने कांस्य पदक जीता था।**



हैदराबाद के स्टार खिलाड़ी ने अपने शानदार करियर को खत्म करने की घोषणा सोशल मीडिया के जरिए की। उन्होंने अपने इंस्टा अकाउंट पर एक पोस्ट किया। इसमें प्रणीत ने लिखा, 'भावनाओं के मिश्रण के साथ, मैं विदाई देने और उस खेल से अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा करने के लिए इन शब्दों को लिख रहा हूं जो 24 वर्षों से अधिक समय से मेरी जीवनधारा रहा है।' अगले महीने प्रणीत एक नई पारी की शुरुआत करने जा रहे हैं। वह अमेरिका में ट्रायंगल बैडमिंटन अकादमी के मुख्य कोच के रूप में अपनी सेवाएं देते नजर आएंगे। इसके उन्होंने आगे लिखा, 'आज, जब मैं एक नए अध्याय की शुरुआत कर रहा हूं, मैं खुद को उस यात्रा के लिए कृतज्ञता से अभिभूत पाता हूं जो मुझे यहां तक लाई है। बैडमिंटन, आप मेरा पहला प्यार रहे हैं, मेरे निरंतर साथी रहे हैं, मेरे चरित्र को आकार दिया है और मेरे अस्तित्व को उद्देश्य दिया है। जो यादें हमने साझा की हैं, जो चुनौतियाँ हमने पार की हैं, वे हमेशा मेरे दिल में अंकित रहेंगी।'

सिनेमा

## दमदार है ब्रिटिश राज में 'मोस्ट वांटेड' भारतीय की कहानी, रणदीप हुड्डा ने किया इम्प्रेस




बॉलीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा को जनता ने हमेशा उनके दमदार काम के लिए खूब सराहा है. उन्होंने हमेशा लीक से हटकर फिल्म ने चुनी हैं और उनमें अपनी पूरी जान झोंकी है. अब रणदीप, भारत के स्वतंत्रता संग्राम एक नायकों में से उस एक की कहानी लेकर आ रहे हैं, जिसकी शख्सियत को राजनीति और इतिहास में विवादों का भी खूब हिस्सा रही है.

रणदीप हुड्डा स्टारर 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' का ट्रेलर आ गया है. इस फिल्म का इंतजार फैन्स काफी लंबे समय से कर रहे थे. फिल्म का टीजर पिछले साल रिलीज किया गया था और इसमें विनायक दामोदर सावरकर के रोल में उन्हें देखकर जनता बहुत इम्प्रेस हुई थी. फिल्म टली और अब आखिरकार बड़े पर्दे तक आने के लिए तैयार है. 'सावरकर' के ट्रेलर में रणदीप को देखने के बाद फिल्म देखने के लिए लोगों की एक्साइटमेंट काफी बढ़ जाएगी.

'सावरकर' फिल्म, भारत के स्वतंत्रता संग्राम के नायकों में शामिल वीर सावरकर के जीवन पर बेस्ड है. फिल्म में उनका किरदार निभा रहे हुड्डा ने खुद को इस रोल के लिए जितना ट्रांसफॉर्म किया है, वो बहुत इम्प्रेसिव है. पूरा ट्रेलर ही रणदीप के जानदार काम की गवाही दे रहा है. 'हम सबको पता है भारत को आजादी अहिंसा से मिली है...ये वो कहानी नहीं है.'

## संपादकीय

# संभव नहीं है यह

दुनिया में कहीं भी युद्ध चल रहा होता है तो उसमें शामिल दोनों पक्ष एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करते हैं। इजराइली सीमा के भीतर घुस कर जब हमास ने हमला किया था, तब तमाम देशों ने हमास की आलोचना की थी और इजराइल ने अपने जवाबी हमले को बचाव की कोशिश बताया था। मगर उसके बाद से युद्ध जिस शक्ल में जारी है, इजराइली हमलों में गाजा पट्टी में करीब तीस हजार लोग मारे जा चुके हैं, उसे देखते हुए अब इजराइल की गतिविधियों की अनदेखी कर पाना खुद उसके पक्ष में खड़े देशों के लिए भी संभव नहीं जान पड़ रहा है। यह कल्पना करना भी मुश्किल है कि घोषित तौर पर युद्ध जारी रहने के बावजूद किसी देश के सैनिक ऐसे लोगों पर हमला कर देंगे, बहुतों को मार डालेंगे, जो भूखे और लाचार खड़े कहीं से मानवीय मदद और भोजन मिल जाने की आस में थे। गुरुवार को उत्तरी गाजा में भूख का सामना कर रहे लोग मानवीय मदद पहुंचने और भोजन का इंतजार कर रहे थे, तभी इजराइली टैंकों के जरिए उन पर अंधाधुंध गोलीबारी की गई, जिसमें एक सौ बारह लोग मारे गए। इजराइली सैनिकों की इस कार्रवाई के बाद जहां अमेरिका और फ्रांस जैसे सहयोगी देश भी नाराज और दुखी हैं, ब्राजील, जर्मनी आदि कई देशों सहित संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने भी निंदा करते हुए इसकी जांच की मांग की है, मगर इजराइल के रुख में कोई नरमी नहीं दिख रही। भारत ने भी कहा है कि इस तरह से इतने लोगों का मारा जाना और गाजा में स्थिति 'अत्यंत चिंता' का विषय है। सवाल है कि आज क्या तमाम देशों की सहमति से तय किए गए अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों पर अमल की अनिवार्यता समाप्त हो गई है कि युद्ध के दौरान किन हालात में और किन पर हमला करना है और कहां नहीं? आम लोगों, अस्पतालों, स्कूलों, शरणस्थलों जैसी कई जगहें तय की गई हैं, जिनमें विकट स्थितियों में भी हमला करने की मनाही होती है। मगर जो इजराइल अब तक फिलिस्तीन पर हमले को अपनी जवाबी कार्रवाई बताता रहा है, क्या वह भूख से लाचार लोगों पर इस तरह हुई गोलीबारी को सही ठहरा सकता है?

**अर्ज़ किया है..!**

*कल जिन्हें छू नहीं सकती थी*
*फ़रिश्तों की नज़र*
*आज वो रौनक़-ए-बाज़ार*
*नज़र आते हैं*

*- साग़र सिद्दीक़ी*

॥ राम ॥
MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

## विश्व को आज करुणा की जरूरत है।

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

**Health is Wealth**

# मेनोपॉज के दौरान रहना है फिट तो रोजाना करें ये 2 योगासन

मेनोपॉज महिलाओं में होने वाली एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। जिससे हर महिला को होकर गुजरना पड़ता है। यह महिलाओं की उम्र का एक ऐसा पड़ाव होता है,जब उन्हें पीरियड्स आना बंद हो जाते हैं। ज्यादातर महिलाओं को मेनोपॉज 45 से 50 साल की उम्र में शुरू हो जाता है। मेनोपॉज के दौरान महिला के शरीर में कई तरह के हार्मोनल बदलाव आने लगते हैं। जिससे उसे कई तरह की शारीरिक और मानसिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बता दें, मेनोपॉज के बाद महिलाओं को मूड स्विंग,हॉट फ्लैशेज,तनाव,थकान, मांसपेशियों में दर्द,हेयर फॉल,स्किन से जुड़ी समस्याएं और वजाइनल ड्राइनेस जैसे लक्षणों का सामना करना पड़ता है। अगर आप भी इस समय अपना मेनोपॉज का सफर तय कर रही हैं तो अपने इस सफर को आसान बनाने के लिए अपने रूटिन में ये दो आसान योगासन को जरूर शामिल करें।



### →सुखासन

सुखासन मेनोपॉज की समस्याओं को कम करके मूड स्विंग और तनाव को कंट्रोल करने में मदद कर सकता है। इस योगासन को करने से मांसपेशियां मजबूत होने के साथ जोड़ों के दर्द से भी राहत मिलती है। सुखासन करने के लिए सबसे पहले योग मैट पर बैठ जाएं। इसके बाद अपनी पीठ को सीधा रखते हुए अपनी आंखों को बंद कर लें। अब अपनी हथेलियों को अपने घुटनों पर रखें और गहरी सांस लें। कुछ देर इसी अवस्था में बने रहें। इस दौरान सांस लेते और छोड़ते रहें। इसके बाद आप धीरे-धीरे सामान्य स्थिति में आ सकते हैं।

### →सर्वांगासन

सर्वांगासन हार्मोनल परिवर्तन के कारण होने वाले मूड स्विंग को कम करके दिमाग शांत और तनाव को दूर करने में मदद करता है। यह आसान कई शारीरिक और मानसिक विकारों को भी दूर कर सकता है। सर्वांगासन करने के लिए सबसे पहले योगा मैट पर पीठ के बल सीधा लेटते हुए अपने पैरों को धीरे-धीरे 90 डिग्री तक ऊपर उठाएं। अब सिर को आगे लाते हुए ठोड़ी को सीने से सटा लें। ऐसा करते हुए अपने हाथों से कमर को दोनों तरफ से सहारा दें। करीब 30 सेकेंड तक इसी अवस्था में बने रहने के बाद सामान्य अवस्था में आ जाएं। आप इस आसन को 3 बार दोबारा कर सकते हैं।

## Highlights

1. Arrests Made in Bengaluru Over Alleged 'Pro-Pakistan' Slogans
2. Cyclist Sets Out on "All India Without Front Wheel Cycle Ride"
3. PM Modi congratulates Shehbaz Sharif for becoming Pakistan PM
4. Kerala assures smooth pay and pension payment amid fiscal crisis
5. PM launches Telangana campaign, calls Congress, BRS 'dynastic'
6. Government launches Chakshu portal to report fraud calls, messages

# Asus morphs this year's ROG Zephyrus G16 into a more likeable gaming rig

**NEW DEIHI, (Agency).** Asus has been on point, and in form, with gaming laptops for quite a few years now. The very first upgrades for this year, led by this year's Asus ROG Zephyrus G16 laptop, simply carry forward that lengthening legacy. Except that Asus has given this a lot more personality, and not just a visual cacophony of colourful lighting aglow. Though the cross running LED on the lid, is a nice touch. Of course there are many claims about artificial intelligence (AI) figuring within Windows scheme of things (a factor of Intel's approach, with an AI neural processing unit), but more than anything else, a fantastic OLED display and thermal smarts to make the laptop cool(er).



For a serious gaming laptop and then some, pricing is in the expected ballpark – ₹1,89,990 or thereabouts, depending on the spec you choose. As a base, you'll get the latest generation Intel Core Ultra 7 processor (the Core Ultra 9 variants should be arriving soon too) with 16GB RAM, an Nvidia GeForce RTX 4070 graphics and a 1TB SSD. It's a configuration that, whilst you may keep a close eye on optional upgrades, is more than powerful for most AAA gaming titles at broadly just lower than the highest of visual settings.

The Core Ultra 7 Processor 155H more than holds ground with gaming, and that is indicative enough of what you may be expecting – it simply gets through other tasks (obviously, less intensive than gaming) without breaking a sweat. Throw a deceptively heavily loaded array of Chrome tabs at it, batch processing images in Photoshop or multi-tasking to the more careless extreme multitasking, yet the 2024 Asus ROG Zephyrus G16 only occasionally has to put the fans into a higher gear to keep things cool.

# Tata Motors Share Price today: Gains 4% to reach 52-week high. Here's why

**NEW DEIHI, (Agency).** Tata Motors Share Price: Tata Motors shares gained 4 per cent hitting 52-week high of ₹1,027 today (March 5). This comes after the company announced that it will split its passenger and commercial vehicle businesses. Global brokerage firm JP Morgan assigned an "overweight" rating to the stock and a price target of ₹1,000 as it praised the company's decision to demerge the business saying that it reflects confidence in the personal vehicle (PV) segment being self-sustaining. This could lead to better




value-creation for Tata Motors, it said, assigning a target price of ₹1,013.

Morgan Stanley also said that the move will ensure synergy between the company's British arm Jaguar and Land Rover and domestic PV business.

Nomura put a "buy" call and a target price of ₹1,057 on the share- a 7 per cent upside from the current market price.

"In particular, we believe the PV business has more potential to create value over the next few years and it has seen a remarkable turnaround after 2020," the brokerage said, adding, "The demerger looks like a good thing for the stock and we could see a positive reaction in the coming weeks which can attract investments as well. Investors who are willing to give higher valuations to the EV space would be more enticed than they initially would have been."

# बुजुर्ग महिला की हत्या में बेटे का दोस्त हिरासत में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। चंदन नगर इलाके में सोमवार शाम एक बुजुर्ग महिला का शव उसके घर के कमरे में पड़ा मिला। बताया जाता है कि महिला के हाथ बंधे हुए थे। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। रात में एफएसएल के अफसर भी मौके पर आए। शव को पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस के मुताबिक महिला की हत्या की गई। जिसमें उसके हाथ बांधकर गला घोटा गया। महिला के बेटे का दोस्त ही इस मामले में आरोपी निकला है। उसे रात में ही हिरासत में ले लिया गया है। अफसर मामले में जल्द खुलासा करेंगे।**

घटना चांदमारी के भट्टे की है। यहां पुष्पाबाई(60)पति नंदलाल छारोडिया का शव उसके घर के कमरे में पड़ा मिला। आसपास के लोगो ने शाम को पुलिस को मामले की सूचना दी। प्रारभिंक जानकारी के मुताबिक महिला के हाथ पैर बंधे हुए थे। वही शरीर में गला घोटने जैसे निशान थे। इसके बाद मामले की जांच शुरू की गई। इस मामले में महिला के बेटे के दोस्त मोहन को पकड़ा है। उसने हत्या करना कबूल की है।

पुलिस के मुताबिक महिला के पति ने बताया कि वह शाम 4 बजे सब्जी लेने गया। इसके बाद करीब 6 बजे घर पहुंचा। पत्नी जमीन पर पड़ी मिली उसके हाथ भी बंधे हुए थे। गले में भी रस्सी बंधी थी। में घबरा गया। उसे आवाज दी तो कुछ नही कहां। इसके बाद नंदलाल ने दोनो हाथ ओर गले की रस्सी खोली ओर उसे आगे के कमरे में पलंग पर लेटा दिया। इसके बाद पत्नी को उठाने की कोशिश की। उसने जबाव नही दिया तो में जोर से चिल्लाने लगा। इस दौरान आसपास के लोग इकट्ठा हो गए।

### बेटे को पड़ोसियों ने बुलाया

पति की रोने की आवाज सुनकर जब लोग घर पहुंचे तो नंदलाल ने उन्हें भी यही बात बताई। इसके बाद आसपास के लोगो ने महिला के बेटे श्याम को जानकारी दी। महिला को नजदीक के निजी अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में पड़ोसियों ने देर शाम पुलिस को मामले की सूचना दे दी।

### मौके पर नहीं मिले संघर्ष के निशान

सूचना के बाद रात में एडीशनल डीसीपी अभिनव विश्वकर्मा सहित अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। प्रारभिंक जानकारी में महिला के घर पर संघर्ष जैसे निशान नही मिले है। महिला का एक बेटा दो बेटियां है। बेटा लोडिंग वाहन चलाता है। रात को अफसरों ने पति नंदलाल से भी पारिवारिक विवाद को लेकर अलग से पूछताछ की है। लेकिन कोई खास जानकारी नही मिली।

### फुटेज से निकाली जानकारी

पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज आसपास पड़ोसियों की जानकारी निकाली। जिसमें महिला के बेटे श्याम के दोस्त का नाम सामने आया। उसने महिला की रूपये को लेकर हत्या की थी। महिला के घर आना जाना था। महिला की हत्या कर वह रूपये लेकर घर से भाग गया। रात में चंदन नगर थाने के पुलिसकर्मियों ने को दबोच उसने रूपये के लिये हत्या करना कबूल की है।

# आरोपी पकड़ाए, एक लाख का माल जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पीथमपुर के बगदून थाना छेत्र की दुकानों में चोरी की घटना के महज बारह घंटे में पुलिस ने चोरी का माल और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी राजेंद्र सोनी ने जानकारी बताया कि आरोपियों ने रविवार सुबह फरियादी की दुकान का ताला तोड़ कर एक एचपी कंपनी का लैपटॉप, 2 मोबाइल फोन, तीन एटीएम और नगदी 11500 रुपए व पास के मेडिकल दुकान से डीवीआर की चोरी की घटना को अंजाम दिया था। फरियादी कि रिपोर्ट पर थाना पीथमपुर पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

थाना प्रभारी बगदून पीथमपुर राजेन्द्र सोनी के नेतृत्व में थाना पीथमपुर के अधिकारी और कर्मचारियों की एक टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम की ओर से घटना स्थल व उसके आसपास लगे लगभग 55 सीसीटीवी फुटेज खंगाले जाने पर और थाना प्रभारी राजेन्द्र सोनी को प्राप्त मुखबिर सुचना के आधार पर रविवार शाम दो बाल अपराधियों को पकड़ा। जिनसे कियोस्क सेंटर सागौर पर हुई चोरी के सबंध में पुछताछ करने पर माल चोरी करना बताया व आरोपी से चोरी गया कुल माल एचपी कंपनी का लैपटॉप, दो मोबाइल फोन, तीन एटीएम व नगदी किमती 89,000 रुपए का जब्त किया गया। उक्त आरोपीयों को पकडने में थाना पीथमपुर से सउनि प्रवीण सिंह आरक्षक करण आरक्षक दिलीप आरक्षक सचिन आरक्षक लखन का सराहनीय योगदान रहा।

# युवक की हत्या में दो संदिग्ध पकड़ाए, दो की तलाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एरोड्रम इलाके में बांगड़दा रोड पर सोमवार देर रात एक युवक का शव मिला है। उसके शरीर पर चाकुओं से गोदने के निशान मिले हैं। पुलिस ने पहचान होने के बाद उसके दो साथियों को पकड़ा है। दो अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक घटना बांगड़दा रोड पर बाबा श्री गार्डन के पास की है। यहां 35 साल के युवक का शव पड़े होने की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के मुताबिक तीन से चार बदमाशों ने मृतक पर हमला किया है। आरोपियों की पहचान कर ली गई है। मृतक की पहचान होने के बाद परिजनों को सूचना दी जाएगी। हत्या की सूचना पर डीसीपी आदित्य मिश्रा, एडिशनल डीसीपी अभिनव विश्वकर्मा मौके पर पहुंचे। शव को झाडियों से निकलवाकर अस्पताल पहुंचाया। एरोड्रम पुलिस के मुताबिक हाई लिंक सिटी के चौकीदार ने मामले की सूचना पुलिस को दी थी।चौकीदार ने बताया कि एक बाइक सवार उसके पास पहुंचा तो उसने बताया था कि एक युवक को कुछ ही दूरी पर कुछ युवक चाकू और लात-घूंसों से मार रहे हैं। जब दोनों वे युवक को बचाने पहुंचे तो घायल युवक को छोड़कर आरोपी दीवार फांदकर भागने लगे। तभी घायल युवक को देखकर पुलिस को सूचना की। लेकिन पुलिस के आने तक उसकी मौत हो चुकी थी।

# युवक ने लगाई फांसी

## पिता ने दोस्तों पर लगाया परेशान करने का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** तिलक नगर थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने सुसाइड कर लिया। उसके कमरे में फटे हुए कुछ रुपयों के नोट भी मिले। पिता का आरोप है कि कुछ दोस्त उसे परेशान कर रहे थे। सोमवार शाम वह महेश्वर से लौटा था। पुलिस के मुताबिक माता-पिता के बयान के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

पुलिस के मुताबिक मृतक का नाम दीपक (20) पुत्र अमृतलाल गोस्वामी है। वह पिपल्याहाना का रहने वाला था। अपने घर में ही फांसी लगा ली है। रात में दीपक की मां ने उसे फंदे पर लटके देखा। इसके बाद पति अमृतलाल को कॉल कर जानकारी दी। परिवार के लोग उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

पिता के मुताबिक उसने जहां सुसाइड किया वहां पर 500 और 100 रुपये के कुछ नोट फटे पड़े मिले। पुलिस को बताया कि पिछले कुछ दिनों से तीन चार दोस्त घर आते और उसे बाइक पर बैठाकर ले जाते थे। वह संभवतः दीपक से रुपए मांग रहे थे। पुलिस के मुताबिक पिता से इन दोस्तों की जानकारी ली जाएगी। दीपक का मोबाइल जब्त कर उसकी भी जांच की जाएगी। वह जिस ट्रेवल्स पर काम करता है। वहां भी पूछताछ करेंगे। दीपक दो बहनों का इकलौता भाई था। दोनों की शादी हो चुकी है। दीपक ट्रेवल्स की गाड़ियां चलाता था।

# पटाखे फोड़ने वाली बुलेट पर चलानी कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** महू के ड्रिमलैंड चौराहे पर कोतवाली पुलिस और यातायात पुलिस ने पटाखे फोड़ने ( मॉडिफाई साइलेंसर) वाली बुलेट पर कार्रवाई की गई। इस पर ध्यान में रखते हुए सोमवार शाम 7.30 बजे कोतवाली पुलिस ने टीम बनाकर चालानी कार्रवाई की। यातायात सूबेदार विनोद यादव ने बताया कुल 20 बुलेट पकड़ी हैं। इसमें मॉडिफाई साइलेंसर को और तेज साउंड के साथ पटाखे फोड़े जाते थे। इन सभी के ऊपर चालानी कार्रवाई की गई है। रविवार को शहर के चोपड़ा वाटिका में पुलिस ने जन संवाद रखा गया था। इसमें शहर की जनता ने इस मुद्दे को उठाया था। यहां मौजूद लोगों ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को कहा था कि शहर में तेज रफ्तार बुलेट चालक आतंक मचा रहे हैं। इतना ही नहीं बुलेट से पटाखे भी फोड़ रहे हैं।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक